समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# गूगल पढ़ सकता है आपके WhatsApp मैसेज! बस ये सेटिंग बदलकर रोक सकते है ये जासूसी।

Publisher
Published on 14 Jul 2025



**Google का Gemini AI आपके WhatsApp नोटिफिकेशन को स्टोर कर सकता है, जिससे आपकी प्राइवेसी खतरे मे पंड़ सकती है — लेकिन आप इसे कुछ स्टेप्स मे रोक सकते है।**

**नई दिल्ली, जुलाई 2025:** गूगल ने हाल ही में अपने **Gemini AI** को लेकर एक बड़ा अपडेट जारी किया है, जिसमें यह कहा गया है कि अब यह थर्ड-पार्टी ऐप्स जैसे **WhatsApp** से डेटा एक्सेस कर सकेगा। इस बदलाव का मकसद **यूज़र्स को वॉयस कमांड** के ज़रिए ऐप्स चलाने की सुविधा देना है, लेकिन इसके जरिए आपकी निजी चैट तक पहुंच भी संभव हो सकती है — और यहीं से चिंता की शुरुआत होती है।

### गूगल कैसे एक्सेस करता है WhatsApp डेटा?

गूगल की वेबसाइट के मुताबिक, चाहे आपने **Gemini Apps Activity** को बंद भी किया हो, तब भी आपकी कुछ जानकारी — जैसे **WhatsApp** चैट — 72 घंटे तक आपके अकाउंट में सेव रह सकती है।

इसका मतलब यह है कि यदि आपने गोपनीयता के लिहाज से सेटिंग्स बदल भी दी हैं, तब भी आपके मैसेज अस्थायी रूप से **Gemini AI** के सर्वर पर स्टोर हो सकते हैं। गूगल का कहना है कि इससे **Gemini** यूज़र्स को बेहतर और तेज़ जवाब देने में सक्षम होगा।

### Meta का दावा और असल सच्चाई

**Meta** की ओर से हमेशा यह दावा किया गया है कि **WhatsApp** चैट्स एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड होती हैं, जिन्हें कोई तीसरा नहीं पढ़ सकता — यहां तक कि **Meta** खुद भी नहीं। लेकिन यह सुरक्षा सिर्फ ऐप के भीतर ही सीमित है।

फोन की नोटिफिकेशन सेटिंग्स, विशेषकर एंड्रॉइड पर, एक ऐसा रास्ता हैं जिससे चैट मैसेज **Gemini** या अन्य **AI सिस्टम** तक पहुंच सकते हैं।

**खतरे की घंटी : नोटिफिकेशन से मिल सकती है जानकारी**

**Gemini AI**, जो अब एंड्रॉइड सिस्टम में पहले से कहीं ज्यादा गहराई से एकीकृत हो चुका है, नोटिफिकेशन एक्सेस करके **WhatsApp** मैसेज की सामग्री पढ़ सकता है। कुछ स्मार्टफोन तो इन नोटिफिकेशन को 24 घंटे तक स्टोर भी रखते हैं, जिससे निजी चैट तक पहुंचना आसान हो जाता है।

**Gemini AI को WhatsApp डेटा पढ़ने से कैसे रोके ?**

चिंता करने की ज़रूरत नहीं है, आप खुद कुछ सेटिंग बदलकर **Gemini** को **WhatsApp** या किसी भी थर्ड-पार्टी ऐप का डेटा एक्सेस करने से रोक सकते हैं। इसके लिए नीचे दिए गए स्टेप्स को फॉलो करें:

१. **अपने Android फोन मे Gemini ऐप खोले**

२. **ऊपरी दाईं ओर प्रोफाइल आइकन पर टैप करे**

३. "**Gemini Apps Activity**" विकल्प पर जाएं

४. **स्क्रीन पर आने वाले टॉगल स्विच को बंद करे**

**नोट :** पहले से **Gemini** के पास मौजूद डेटा 72 घंटे तक उसके सर्वर पर सेव रह सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.